**संख्या:-175/2023/आई410299/001-361आ0/23-5002-002-47-2023-04(भवन)/2020**

प्रेषक,

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

**लोक निर्माण अनुभाग:-5** **लखनऊ: दिनांक 18 अक्टूबर, 2023**

विषय: वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूंजीलेखा मद के लेखाशीर्षक 4059-80-051-11-00-26 "निरीक्षण भवनों/सर्किट हाउसों में जनरेटर की स्थापना" के अन्तर्गत जनपद महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बिजनौर व बलिया के 18 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूंजीलेखा मद के लेखाशीर्षक 4059-80-051-11-00-26 "निरीक्षण भवनों/सर्किट हाउसों में जनरेटर की स्थापना" के अन्तर्गत जनपद महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बिजनौर व बलिया के 18 कार्यों हेतु आगणन लागत रू0 154.46 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष **रू0 123.58 लाख(रू0 एक करोड़ तेईस लाख अट्ठावन हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर निम्नांकित तालिकानुसार निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

| क्र0 सं0 | मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ का पत्रांक व दिनांक | जनपद | कार्य का नाम | आगणन की लागत | निर्गत की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | (धनराशि रू0 लाख में) | |
| 1 | 698बीजीबी/112बीजीबी/जनरेटर स्थापना/वि0यां0गोरखपुर/2023-24, दिनांक 05.10.2023 | महाराज गंज | निरीक्षण धनेवा धनेई, महाराजगंज में 62.5 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 09.87 | 07.90 |
| 2 | तदैव | तदैव | रेस्ट हाउस, महाराजगंज में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 3 | तदैव | तदैव | रेस्ट हाउस, निचलौल, महाराजगंज में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 4 | तदैव | कुशी नगर | निरीक्षण भवन पडरौना, कुशीनगर में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 5 | तदैव | तदैव | निरीक्षण भवन कसया, कुशीनगर में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 6 | तदैव | तदैव | निरीक्षण भवन हाटा, कुशीनगर में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 7 | तदैव | बस्ती | निरीक्षण भवन बस्ती में 125 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 15.07 | 12.06 |
| 8 | तदैव | संतकबीर नगर | निरीक्षण भवन मेंहदावल, संत कबीरनगर में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 9 | तदैव | तदैव | निरीक्षण भवन खलीलाबाद, संत कबीरनगर में 62.5 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 09.87 | 07.90 |
| 10 | तदैव | तदैव | निरीक्षण भवन सेमरियावां, संत कबीरनगर में 25 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.44 | 05.15 |
| 11 | तदैव | देवरिया | निरीक्षण भवन पथरदेवा, देवरिया में 40 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 09.52 | 07.62 |
| 12 | तदैव | सिद्धार्थ नगर | निरीक्षण भवन बढ़नी, सिद्धार्थ नगर में 62.5 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 09.87 | 07.90 |
| 13 | 705बीजीबी/109बीजीबी/जनरेटर स्थापना/बिजनौर कर्पूरी ठाकुर/2023-24, दिनांक 05.10.2023 | बिजनौर | बिजनौर में निरीक्षण जननायक कर्पूरी ठाकुर निरीक्षण भवन में 62.5 के0वी0ए0 डी0जी0 सेट की स्थापना का कार्य। | 09.08 | 07.26 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 706बीजीबी/109बीजीबी/जनरेटर स्थापना/बिजनौर नूरपुर/2023-24, दिनांक 05.10.2023 | तदैव | बिजनौर में निरीक्षण भवन नूरपुर में 15 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 05.02 | 04.02 |
| 15 | 708बीजीबी/109बीजीबी/जनरेटर स्थापना/बिजनौर अफजलगढ़/2023-24, दिनांक 05.10.2023 | तदैव | बिजनौर में निरीक्षण भवन अफजलगढ़ में 20 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 06.31 | 05.05 |
| 16 | 709बीजीबी/109बीजीबी/जनरेटर स्थापना/बिजनौर चांदपुर/2023-24, दिनांक 05.10.2023 | तदैव | बिजनौर में निरीक्षण भवन चांदपुर में 15 के0वी0ए0 जनरेटर की स्थापना का कार्य। | 05.00 | 04.00 |
| 17 | 661बीजीबी/112बीजीबी/जनरेटर की स्थापना/बलिया/अना0/2023-24, दिनांक 21.09.2023 | बलिया | बलिया में निरीक्षण भवन बलिया के प्रांगण में डीजी सेट की स्थापना का कार्य। | 23.51 | 18.81 |
| 18 | तदैव | तदैव | बलिया में निरीक्षण भवन कोरण्टाडीह के प्रांगण में 01 अदद् डीजी सेट की स्थापना का कार्य। | 06.26 | 05.01 |
| | | | **योग :-** | **154.46** | **123.58** |

**नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों**

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेगी।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्य की निविदा में प्राप्त बचत की धनराशि को सम्बन्धित अधिकारी द्वारा राजकोष में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा तथा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाय।

(5) प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(6) प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रनओवर/टाइम रनओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

(7) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्कतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खातें में नहीं रखी जायेगी।

(8) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(9) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(10) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी श्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

(11) उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(12) प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस, मूल्य ह्रास निधि तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

(13) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**..../03..**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(14) समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 1,23,58,000(रूपये एक करोड़ तेईस लाख अट्ठावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20232024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 055 लेखाशीर्षक 4059800511100 प्रदेश के निरीक्षण भवनों/सर्किट हाउसों में जनरेटर की स्थापना, मानक मद 26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
कामता प्रसाद सिंह
विशेष सचिव।

**संख्या:-175/2023/आई410299/001-361आ0(1)/23-5-2023-तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
5- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
6- जिलाधिकारी, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बिजनौर व बलिया।
7- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
8- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, बिजनौर व बलिया।
9- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
10- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
11- अधीक्षण अभियन्ता, 44वां वृत्त(वाराणसी), 47वां वृत्त(मुरादाबाद), लो0नि0वि0।
12- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, गोरखपुर।
13- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
14- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़।
15- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in